## वाइल्ड कार्ड से यूएस ओपन में खेलेंगी मारिया शारापोवा

न्यूयॉर्क,(आरएनएस)। रूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा को साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट यूएस ओपन में वाइल्ड कार्ड प्रवेश की अनुमति मिल गई है. प्रतिबंध के 18 माह बाद शारापोवा पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलेंगी. अमेरिका टेनिस संघ (यूएसटीए) ने इसकी जानकारी दी. यूएसटीए ने अपने बयान में कहा, शारापोवा ने इससे पहले 10 बार यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में शामिल होते हुए टूर्नामेंट खेला है. पिछले साल वह अंतिम-16 में कैरोलिना वोजनियाकी से हार गई थीं. सेरेना ने पिछले साल हराया था। पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सेरेना विलियम्स से मिली हार के बाद 30 वर्षीया शारापोवा को ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की तैयारियों का अवसर नहीं मिला. वर्तमान में वह विश्व रैंकिंग में 148वें स्थान पर हैं. 5 बार की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट विजेता शारापोवा को डोपिंग मामले में 15 माह के लिए टेनिस जगत से प्रतिबंधित कर दिया गया था. इस साल फ्रेंच ओपन में उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश की अनुमति नहीं मिली और चोटिल होने के कारण वह विम्बलडन ओपन के क्वालीफाइंग राउंड से बाहर हो गई थीं. यूएस ओपन का आगाज 28 अगस्त से हो रहा है.

## बांग्लादेश दौरे तक डेविड वार्नर के फिट होने की उम्मीद

सिडनी,(आरएनएस)। एक अभ्यास मैच के दौरान गले पर बाउंसर लगने से घायल हुए ऑस्ट्रेलियाई उपकप्तान डेविड वॉर्नर के आगामी बांग्लादेश दौरे तक फिट होने की उम्मीद है। सलामी बल्लेबाज वॉर्नर को मंगलवार को अभ्यास मैच के दौरान जेश हेजलवुड की गेंद लगी थी। चोट इतनी गहरी थी कि बगा उनके हाथ से छूट गया और वह घुटनों के बल बैठ गए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की वेबसाइट क्रिकेट डाट काम डाट एयू ने कहा कि वॉर्नर फिटनेस टेस्ट में खरे उतरे हैं और बांग्लादेश दौरे पर जा सकेंगे। नवंबर 2014 में बल्लेबाज फिल ह्यूज को मैदान पर बाउंसर लगने और उनकी मौत से खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर अधिक अहतियात बरती जा रही है । ऑस्ट्रेलियाई टीम का बांग्लादेश दौरा 27 अगस्त से शुरू होगा।

## अपनी क्रिकेट अकैडमी में युवाओं को क्रिकेट के गुर सिखाएंगे- एमएस धोनी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। टीम इंडिया के पूर्व कैप्टन और विकेटकीपर बल्लेबाज एमएसी धोनी अब युवाओं को क्रिकेट ट्रेनिंग देने की तैयारी कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक महेंद्र सिंह धोनी जल्द ही दुबई में क्रिकेट अकैडमी खोलने की तैयारी में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक महेंद्र सिंह धोनी ने पसिफिक स्पोर्ट्स कल्ब से करार किया है। धोनी के इस नए मिशन के तहत युवाओं को उनसे क्रिकेट की बारिकियां सीखने को मिलेंगी। पसिफिक वेंचर्स के परवेज खान ने धोनी के इस करार की घोषणा करते हुए बताया, अकादमी का नाम महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेट अकैडमी रखा जाएगा। सभी अधिकार पसिफिक वेंचर्स क्लब के पास सुरक्षित रहेंगे। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि धोनी की यह क्रिकेट अकैडमी दुबई के अलावा गल्फ के अन्य देशों और यूके में भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने का कार्य करेगी और यह अकैडमी उन देशों में भी खुलेंगी। बता दें कि धोनी के अलावा कई नामी भारतीय क्रिकेटर्स की भी अकैडमी हैं। इनमें वीरेंदर सहवाग, हरभजन सिहं, युवराज सिंह सरीखे दिग्गज खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। टीम इंडिया में सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ चुके धोनी ने भी अपनी क्रिकेट अकैडमी खोलने का फैसला ले लिया है। उम्मीद की जा रही है धोनी क्रिकेट से पूरी तरह रिटायरमेंट लेने के बाद युवाओं के साथ खुद इस तरह इस खेल से जोड़े रखेंगे। फिलहाल अपनी रिटायरमेंट से पहले भी वह अपने खाली समय में इस अकैडमी को समय देंगे। क्योंकि यह दिग्गज खिलाड़ी अभी सीमित ओवर की क्रिकेट ही खेल रहा है, ऐसे में खाली समय में वह प्रशिक्षण के लिए अकैडमी में आने वाले युवाओं को अपना समय देंगे। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके धोनी फिलहाल सीमित ओवरों में खेल रहे हैं। माना जा रहा है 2019 वर्ल्ड कप के बाद माही सीमित ओवरों से संन्यास ले लेंगे। 2019 वर्ल्ड कप तक धोनी करीब 38 साल के हो चुके होंगे।

## संन्यास लेने के बाद अपना बरसों पुराना सपना पूरा करेंगे बोल्ट

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दुनिया के सबसे सफल धावक उसेन बोल्ट ने दो दिन पहले विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने करियर की अंतिम रेस दौड़ी। हालांकि वह चोटिल होने के कारण यह रेस पूरी नहीं कर सके और यादगार विदाई का उनका सपना टूट गया। लेकिन अब एथलेटिक्स से संन्यास लेने के बाद वह अपना एक बरसों पुराना सपना जरूर पूरा करने जा रहे हैं। बोल्ट हमेशा से इंग्लैंड के दिग्गज फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर युनाइटेड की तरफ से खेलना चाहते थे और अब उन्हें ये मौका मिलने जा रहा है। बोल्ट अगर फिट रहे तो वह दो सितंबर को मैनचेस्टर युनाइटेड लीजेंड्स टीम की तरफ से स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के खिलाफ एक प्रदर्शनी मैच में खेलते नजर आएंगे। इस मैच में बोल्ट को पॉल स्कोल्स, फिल नेविल, वेन डर सार जैसे मैन यू के कई पूर्व दिग्गजों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। बोल्ट जब 2012 में मैनचेस्टर युनाइटेड के घरेलू मैदान (ओल्ड ट्रैफर्ड) पर गए थे तब उन्हें क्लब ने एक जर्सी भेंट की थी। जर्सी पर बोल्ट के नाम के साथ '963' लिखा था। ये आंकड़ा उसी साल लंदन ओलंपिक में उनकी 100 मीटर रेस से जुड़ा था। बोल्ट ने उस रेस को 9.63 सेकेंड में पूरा करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

## पानी के लिए ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंची ग्रामीण महिलाएं

बिलासपुर,(आरएनएस)। वेद परसदा में पेयजल आपूर्ति और तालाब सुख चुके हैं इससे गांवों में पेयजल को लेकर भारी परेशानी खड़ी हो गई। यहां तक जिन हैंडपंप में पानी भी आता है उसमें से पानी रफ्तार धीमी हो रही है इससे ग्रामीण चिंतित है। आज इस सिलसिले में ग्रामीण महिलाएं ज्ञापन लेकर कलेक्ट्रेट में गुहार लगाने पहुंची थी। गौरतलब है कि इस वर्ष अब तक बारिश कम हुई है इसका असर अब जमीन पर दिखने लगा है। आज की स्थिति में कम बारिश के कारण शहर एवं ग्रामीण इलाकों में फसल पर सीधी असर पड़ रहा है। इसके अलावा निस्तारी के लिए गांव के तालाब सूख रहे हैं। जिसका सीधा असर ग्रामीणों के दिन चर्या पर पड़ रहा है। यह स्थिति मस्तूरी के वेद परसदा के गांव में विकराल रुप ग्रहण कर रही है। इसे लेकर ग्रामीण काफी परेशान है। आज बड़ी संख्या ग्रामीण महिलाएं अपनी फरियाद को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि पेयजल के लगाए गए हैंडपंप कुछ तो सूख चुके हैं और कुछएक में पानी बहुत ही कम आ रहा है। वहीं तालाब की हालत बहुत ही खराब है। तालाब सूख चुके। जिन तालाब में थोड़ा बहुत पानी है वह भी गंदा है। इस सिलसिले में ग्रामीणों का कहना है कि नहर का पानी सूखे तालाब को देने से समस्या का समाधान हो सकता है। इस सिलसिले में आज महिलाएं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग को रखा। प्रतीक्षालय में सीमेंट की बोरी, गेट पर ताला लटका जिला कलेक्ट्रेट में फरियादियों को रुकने के लिये परिसर में प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य फरियादी यहां पर बारिश, ठंडी या गर्मी में ठहर सके। लेकिन आज इस जगह पर सीमेंट की बोरियां मौजूद है। चैनल गेट पर ताला जड़ दिया गया। फरियादी अब इसके बाहर बैठने को मजबूर है।

## फिट खिलाड़ी ही इस टीम में आगे जा सकते हैं: रवि शास्त्री

मुंबई,(आरएनएस)। टीम इंडिया के कोच रवि शास्त्री ने वर्ल्ड कप 2019 को लेकर अपनी सोच स्पष्ट कर दी है। हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में उन्होंने साफ कर दिया है कि सिर्फ फिट खिलाड़ी जो फील्डिंग में भी सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं, उन्हें ही आगे ले जाया जा सकता है। श्री लंका को 3-0 से हराकर सीरीज पर कब्जा जमाने के बारे में उन्होंने कहा कि टीम इंडिया इस वक्त सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है। शास्त्री ने कहा, जब हम 2019 वर्ल्ड कप के बारे में सोचते हैं तो मेरा स्पष्ट मानना है कि हम वर्ल्ड कप में जब टीम के साथ उतरें तो वह टीम फील्डिंग के लिहाज से भी बेस्ट हो। साफ है कि फील्ड पर जो खिलाड़ी सबसे अधिक फिट होंगे उन्हें ही आगे जाने का मौका दिया जाएगा। मौजूद विकल्पों में से जो अपनी फिटनेस साबित कर सकेगे, वही आगे जाने के हकदार हैं। यह स्पष्ट है और इसमें कोई शक नहीं है। श्री लंका पर 3-0 से जीत पर टीम इंडिया के कोच ने कहा कि खेल में हार और जीत दोनों ही होते हैं। उन्होंने कहा, मैंने खिलाड़ियों से साफ कहा है कि जब हम मैदान से बाहर जाएं तो हमारे सिर गर्व से उठे होने चाहिए। अगर सीरीज में हम 1 टेस्ट हार भी जाते तो इससे फर्क नहीं पड़ता क्योंकि हमने अच्छी क्रिकेट खेली। अगर हम अपना नजरिया बड़ा करें तो स्कोरकार्ड से आगे भी बहुत कुछ है जो इस गेम के बाद हम लेकर जा सकते हैं। मैच में हमने 2 कैच टपकाए और दूसरे टेस्ट में हार्दिक ने 2 नो बॉल की और शमी ने तीसरे टेस्ट में1 नो बॉल की। ये सभी कुछ ऐसी बातें हैं जिन पर हमें भविष्य में मिलकर काम करना है। टीम की गेंदबाजी से संतुष्ट शास्त्री ने इसका क्रेडिट बोलिंग कोच भरत अरुण को दिया। उन्होंने कहा कि टीम के खिलाड़ी भरत से परिचित हैं और इस वजह से अच्छा तालमेल बन सका। वहीं, उन्होंने अपनी कोचिंग स्टाइल पर भी कहा कि इस वक्त टीम में पूरी तरह से पारदर्शी माहौल है। खिलाड़ियों के बीच आपसी संवाद काफी अच्छा है। कोच कुंबले और कोहली विवाद के बाद रवि शास्त्री की नियुक्ति हुई। उन्होंने विवाद पर कुछ न कहते हुए फिर से कहा कि यह पूरी तरह से विराट कोहली की टीम है। शास्त्री ने कहा, टीम हमेशा कैप्टन की होती है। मेरा क्रिकेट की दुनिया से 35 साल का नाता है और मैंने खिलाड़ी, कप्तान, कोच हर रूप में अपना 100 फीसदी देने की कोशिश की है। मैं पहले भी कहता रहा हूं कि टीम हमेशा कैप्टन की होती है क्योंकि वही आगे से लीड करते हैं। कोच का काम बैकग्राउंड में रहने का ही होता है।

## मोहम्मद शमी ने शेयर की सेल्फी, टीम इंडिया को किया विश

कैंडी,(आरएनएस)। क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर अपने परिवार के साथ सेल्फी साझा की है। श्री लंका दौरे पर अशोक वाटिका जाने के कारण ट्रोल हुए शमी लगता है ट्रोलरों से बिल्कुल बेपरवाह हैं। बता दें कि टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद शमी वतन वापस लौट रहे हैं। वह वनडे और टी-20 सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं हैं। शमी ने पत्नी और बेटी के साथ तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने टीम इंडिया को आगामी वनडे सीरीज के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने ट्वीट किया, गुडमॉर्निंग सबको! भारत वापस लौटने का समय आ गया है। टीम इंडिया को आगामी सीरीज के लिए शुभकामनाएं... हालांकि, इसके बाद कुछ ट्विटर यूजर्स ने मजे लेना शुरू कर दिया है। किसी ने उनसे पूछा ट्विटर पर फतवों से डर नहीं लगता है?

## Business News / बिजनेस न्यूज

## आरआईएल और पार्टनर्स पर 1700 करोड़ की पेनल्टी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी पार्टनर्स पर 26.4 करोड़ डॉलर यानी लगभग 1700 करोड़ रुपये की नई पेनल्टी लगाई है। यह जुर्माना 2015-16 के दौरान केजी-डी6 फील्ड्स से तय मात्रा से कम नैचरल गैस का उत्पादन करने के लिए लगाया गया है। ऑइल मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया कि अब कुल जुर्माना 3.02 अरब डॉलर का हो गया है। यह पूरा जुर्माना पहली अप्रैल 2010 से छह वर्षों तक टारगेट से कम प्रॉडक्शन करने के लिए लगाया गया है। इसके तहत इन कंपनियों को कॉस्ट रिकवरी नहीं करने दी जाएगी। प्रॉडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट के मुताबिक, आरआईएल और उसकी पार्टनर्स ब्रिटेन की बीपी पीएलसी और कनाडा की निको रिसोर्सेज को यह इजाजत है कि सरकार के साथ मुनाफा साझा करने से पहले वे गैस बिक्री से मिली रकम से पूरा पूंजीगत और कामकाजी खर्च घटा लें। इन कंपनियों को कॉस्ट रिकवरी न करने देने से प्रॉफिट में सरकार का हिस्सा बढ़ेगा। अधिकारी ने बताया कि सरकार ने कॉस्ट रिकवरी की इजाजत न देने के बाद प्रॉफिट शेयर के रूप में 17.5 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त दावा किया है। आरआईएल और बीपी को भेजी गई ईमेल्स का जवाब नहीं आया। दोनों कंपनियों ने पिछले वर्षों में कॉस्ट रिकवरी न करने देने के कदम को चुनौती दी है और इस कदम को रद्द करने की मांग करते हुए इंटरनैशनल आर्बिट्रेशन भी शुरू किया है। कंपनियों की दलील है कि पीएससी में ऐसी किसी सजा का प्रावधान नहीं है। सरकार ने 2010-11 के लिए 45.7 करोड़ डॉलर, 2011-12 के लिए 54.8 करोड़ डॉलर, 2012-13 के लिए 79.2 करोड़ डॉलर, 2013-14 के लिए 57.9 करोड़ डॉलर और 2014-15 के लिए 38 करोड़ डॉलर की कॉस्ट रिकवरी पर रोक लगाई है। अब 2015-16 में उत्पादन टारगेट से कम रहने के लिए 26.4 करोड़ डॉलर की कॉस्ट रिकवरी रोकी गई है।

## आईजीआई से दुबई और मुंबई जाने वाले सबसे ज्यादा, डोमेस्टिक सेक्टर में पटना भी टॉप 10 में

नई दिल्ली,(आरएनएस)। आईजीआई एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले देश में सबसे अधिक मुंबई जाते हैं और देश से बाहर दुबई। एविएशन सेक्टर से मिले दो साल के अप्रैल और मई के आंकड़ों पर गौर किया जाए, तो डोमेस्टिक सेक्टर में इस बार इन दो महीनों में देश के टॉप-10 डेस्टिनेशन में पटना ने जगह बनाई है। पिछले साल इन महीनों में देश के टॉप-10 डेस्टिनेशन में पटना का स्थान नहीं था। इस बार दिल्ली-पटना आने-जाने वाले लोगों ने इसे इस लिस्ट में शुमार करा दिया है। मई में आईजीआई एयरपोर्ट से 1 लाख 60 हजार 636 यात्रियों ने टेक ऑफ किया। इंटरनैशनल डेस्टिनेशन की टॉप-10 लिस्ट में सबसे निचले पायदान पर आने वाले मस्कट के लिए 37 हजार लोगों ने उड़ान

## एंप्लॉयीज को साथ बनाए रखने के लिए सर्विस सेक्टर में इंसेंटिव्स की बहार

नई दिल्ली,(आरएनएस)। फूड से लेकर ब्यूटी सर्विसेज और ग्रॉसरी प्रॉडक्ट्स की डिलिवरी से जुड़ी कंपनियों ने अपने एंप्लॉयीज को बरकरार रखने के लिए इंसेंटिव बढ़ा दिए हैं। इन कंपनियों को 30-50 पर्सेंट तक के अट्रिशन रेट (एंप्लॉयीज के नौकरी छोड़ने की दर) का सामना करना पड़ रहा है। ये कंपनियां एंप्लॉयीज को स्टॉक ऑप्शंस, डिलिवरी और प्रॉडक्टिविटी इंसेंटिव और रोड ऐक्सिडेंट कवरेज जैसे ऑफर्स दे रही हैं। देश की सबसे बड़ी ऑनलाइन ग्रॉसरी स्टार्टअप बिग बास्केट की मौजूदगी 25 शहरों में है और इसके पास करीब 5,000 डिलिवरी एंप्लॉयीज हैं। इसने तीन महीने पहले प्रॉडक्टिविटी बोनस देने की शुरुआत की थी। इससे डिलिवरी करने वाली टीम अपनी सैलरी के अलावा 15-20 पर्सेंट और कमा सकती है। बिग बास्केट के को-फाउंडर अभिनय चौधरी ने बताया, हमारे ऑर्डर्स की संख्या अधिक होने के कारण हमने अपनी डिलिवरी टीम के लिए एक प्रॉडक्टिविटी बोनस की शुरुआत की है। इससे वे अपनी सैलरी के अलावा बोनस हासिल कर सकते हैं। बिग बास्केट का एक तय मंथली टारगेट है और उससे ऊपर जाने पर 15-20 पर्सेंट बोनस मिलता है। यूरोपियन कॉस्मेटिक्स कंपनी आर्टडेको ग्रुप भारत में अपने टॉप 10 पर्सेंट ब्यूटी अडवाइजर्स या स्टोर के स्टाफ को एंप्लॉयी स्टॉक ऑप्शंस दे रही है। आर्टडेको जर्मनी की सबसे बड़ी कॉस्मेटिक्स कंपनी है और इसने कुछ समय पहले ही भारत में प्रवेश करने की घोषणा की थी। पिज्जा मेकर डॉमिनोज ने डिलिवरी के दौरान सुरक्षित ड्राइविंग जैसे मानकों के आधार पर डिलिवरी इंसेंटिव देने की शुरुआत की है, जबकि यम रेस्ट्रॉन्ट्स के मालिकाना हक वाली केएफसी रोड ऐक्सिडेंट कवरेज दे रही है। मोबाइल सर्विसेज अग्रीगेटर अर्बन क्लैप से 20,000 से अधिक प्रफेशनल जुड़े हैं। कंपनी ने बताया कि वह एक प्रफेशनल की ओर से प्रतिदिन किए जाने वाले विजिट को लेकर छूट दे रही है, जिससे उनकी आमदनी की क्षमता सीमित न हो। डिमांड में बढ़ोतरी के कारण रनर और शैडोफॉक्स जैसे खास लॉजिस्टिक्स प्रवाइडर्स की शुरुआत हुई भी हुई है। हालांकि, एक अनुमान के अनुसार, ई-कॉमर्स और हायपरलोकल डिलिवरी सेगमेंट में अट्रिशन रेट 50-60 पर्सेंट का है। रीटेल कंसल्टेंसी वजीर अडवाइजर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, हरमिंदर साहनी का कहना है कि इस तरह के इंसेंटिव अच्छे हैं, लेकिन इनसे अट्रिशन को रोकने में ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया, ऐसी कंपनियां भी हैं जो इंसेंटिव नहीं देना चाहतीं। वे ट्रेनिंग में बहुत अधिक इन्वेस्टमेंट नहीं करती क्योंकि नौकरी के लिए बहुत से लोग कतार में हैं। डिलिवरी से जुड़े अधिकतर एंप्लॉयीज नॉन-ग्रेजुएट होते हैं और ऐसे में उनके लिए अधिक सैलरी एक बड़ा आकर्षण रहती है। वह छोटे इंसेंटिव्स के आधार पर नौकरी में रहने या उसे बदलने का फैसला नहीं करते।

## गोल्डन ग्लव टूर्नामेंट: भारतीय मुक्केबाजों ने दो स्वर्ण सहित 10 पदक जीते

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सर्बिया के वोज्वोदिना में आयोजित छठे गोल्डन ग्लव मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने दो स्वर्ण सहित 10 पदक जीते. प्रतियोगिता में दो स्वर्ण के अलावा भारतीय टीम ने 4 रजत और 4 कांस्य पदक अपने नाम किए. ज्योति ने 51 किलोग्राम में और वानलाल हरितपुई 60 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता. वहीं, अंजलि (48 किलोग्राम), साक्षी (54 किलोग्राम), आस्था (69 किलोग्राम) और अनुपमा (81 किलोग्राम) ने रजत पदक हासिल किए. सेमीफाइनल में हार के बाद मंदीप (57 किलोग्राम), निशा ( 64 किलोग्राम) शुति (75 किलोग्राम) और नेहा (81 किलोग्राम से अधिक) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा.

## बाउंसर लगने से पाकिस्तान के युवा क्रिकेटर जुबेर अहमद की मौत

कराची,(आरएनएस)। क्रिकेट का मैदान एक और हादसे का गवाह बना है। पाकिस्तान के एक युवा खिलाड़ी को बल्लेबाजी करते वक्त एक बाउंसर सीधा सिर पर लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पीसीबी ने ट्वीट कर खिलाड़ी के मौत की पुष्टि की और बल्लेबाजों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। पाक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, युवा खिलाड़ी जुबेर अहमद 14 अगस्त को एक क्लब क्रिकेट मैच में खेल रहे थे। बल्लेबाजी के दौरान एक बाउंसर गेंद सीधा जुबेर के सिर पर लगी, जिससे उनकी मैदान पर ही मौत हो गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ट्वीट कर मामले की पुष्टि भी कर दी है। पीसीबी ने अपने ट्विटर हैंडल से लिखा, जुबेर अहमद की दुर्भाग्यपूर्ण मौत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि खेल के वक्त हमेशा ही सुरक्षा उपकरण जैसे कि हेल्मेट पहनना चाहिए। जुबेर के परिवार के प्रति हमारी संवेदनाएं। जानकारी के मुताबिक, जुबेर अहमद ने हादसे के वक्त हेल्मेट नहीं लगा रखा था और बल्लेबाजी कर रहे थे। घरेलू और क्लब स्तर पर भी खिलाड़ियों को हमेशा सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। गौरतलब है कि 2 दिन पहले ही ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज डेविड वॉर्नर भी सिर पर बाउंसर लगने की वजह से चोटिल हो गए। सिर पर गेंद लगने से ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज फिल ह्यूज की भी मौत हो चुकी है।

## सरकार से बोलीं महिला क्रिकेटर राजेश्वरी गायकवाड़, कार नहीं मुझे घर की जरूरत

विजयपुरा,(आरएनएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य राजेश्वरी गायकवाड़ ने कर्नाटक सरकार की ओर से मिड-से÷मेंट की कार देने के ऑफर को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से कहा है कि उन्हें कार की बजाय छत यानी घर की ज्यादा जरूरत है। जिले के प्रभारी व सूबे के जल संसाधन मंत्री एमबी पाटिल ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कहा था कि 26 वर्षीया क्रिकेटर को 5 लाख रुपये की कीमत की कार गिफ्ट की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रोफी के फाइनल में पहुंचने की खुशी में राजेश्वरी को यह गिफ्ट दिया जाएगा। हालांकि इस पर राजेश्वरी गायकवाड़ ने कहा, सर, आपकी ओर से मिले इस सम्मान के लिए मैं धन्यवाद देती हूं। लेकिन, मैं कार नहीं चाहती, मुझे अपने परिवार के लिए घर की जरूरत है। इससे मेरी बहन, मां और भाइयों को भी मदद मिल सकेगी। हमें एक घर की बहुत ज्यादा जरूरत है। इस पर मंत्री ने राजेश्वरी से वादा किया कि वह उनकी मांग को पूरा करने के लिए प्रयास शुरू करेंगे। फिलहाल गायकवाड़ परिवार समेत किराये के घर में रहती हैं। इससे पहले मंत्री ने एक ऑटोमोबाइल शोरूम की ओर से उन्हें एक ऑटो-गियर स्कूटर की चाबी सौंपी थी, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था। मंत्री ने भारतीय क्रिकेट टीम के चैंपियंस ट्रोफी के फाइनल में पहुंचने में राजेश्वरी के योगदान की जमकर सराहना की।

## फुटबॉलर रोनाल्डो पर लगा 5 मैच का प्रतिबंध

बार्सिलोना,(आरएनएस)। गोल करने के बाद मैदान में टी शर्ट उतारकर जश्न मनाने और रेफरी को धक्का देने पर रीयल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को स्पेनिश फुटबॉल फेडरशन (आरएफइएफ) ने सोमवार को पांच मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया। रविवार को कैंप नाउ में रीयल ने बार्सिलोना को स्पेनिश सुपर कप के पहले चरण के मुकाबले यानी (रीयल और बार्सिलोना के बीच मैच) में 3-1 से पराजित किया। इस दौरान पुर्तगाल के कप्तान रोनाल्डो ने शानदार गोल किया। जोश में उन्होंने अपनी टी शर्ट उतार दी जिसके चलते रेफरी रिकॉर्डरे डि बुगरेस ने उन्हें पीला कार्ड दिखाया। इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने पेनाल्टी हासिल करने के लिए गलत ढंग से डाइव लगाई जिसके लिए उन्हें दोबारा दंडित किया गया। इसके अलावा उन्होंने रेफरी रिकॉर्डरे को धक्का भी दिया। रोनाल्डो पर रेड कार्ड के लिए एक मैच का प्रतिबंध और रेफरी को धक्का देने के लिए चार मैच का प्रतिबंध लगाया है। उनके पास अपील के लिए दस दिन का समय होगा। पौने तीन लाख का जुर्माना : इसके लिए रोनाल्डो पर 3805 यूरो (करीब दो लाख, 87 हजार रुपये) व रीयल पर 1750 यूरो (करीब एक लाख, 32 हजार) का जुर्माना भी किया है। अब रोनाल्डो स्पेनिश सुपर कप के दूसरे चरण में भी नहीं खेल सकेंगे, जोकि 17 को खेला जाएगा। दूसरे हाफके शुरू में ही गेरार्ड पिक के आत्मघाती गोल से रीयल ने 1-0 की बढ़त बना ली। बार्सिलोना के लियोन मेसी ने 77वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। तीन मिनट बाद ही रोनाल्डो (78वें मिनट) ने गोलकर रीयल को 2-1 की बढ़त दिलाई।90वें मिनट में माकरे ने गोल कर रीयल को 3-1 से जीत दिला दी।